आंच नहीं आने देगा | by Radhika Thakur

कर भरोसा सांवरिये पर आंच नहीं आने देगा
तुझपे कोई संकट आये सबसे पहले खड़ा होगा

श्याम भरोसे तू चलता जा मंज़िल तक ले जाएगा
राह में कोई विपदा आई खुद उसको निपटाएगा
बीच भंवर में फंसी जो नैया खुद ही किनारे लगा देगा
कर भरोसा सांवरिये पर आंच नहीं आने देगा

जो भी अपने सब मतलब के देख के नज़र चुराते है
जब से मेरे दिन बदले हैं खुद घर अपने बुलाते हैं
कर ले भरोसा इसकी कृपा पे क्या से क्या ये बना देगा
कर भरोसा सांवरिये पर आंच नहीं आने देगा

हे माधव तुम इतने दयालु आज मुझे महसूस हुआ
बाल ना बांका हुआ उदित का जबसे तेरा ख़ास हुआ
हो जा दीवाना श्याम धणी का सारी दुनिया घुमा देगा
कर भरोसा सांवरिये पर आंच नहीं आने देगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%82%e0%a4%9a-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-by-radhika-thakur/